RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 08 सितम्बर 2022 | वर्ष 04 | अंक 125 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में नवरात्रोत्सव में मंत्रिमंडल का विस्तार !

**मुंबई :** मंत्री पद की चाहत में शिवसेना पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ने वाले विधायकों की नाराजगी दूर करने में अभी भी 20 से 25 दिन का समय लग सकता है। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे-फडणवीस सरकार का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार नवरात्रोत्सव के दौरान किया जा सकता है। नवरात्रोत्सव 26 सितंबर से शुरू हो रहा है, जबकि 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सरकार के स्थायित्व को लेकर सुनवाई होनी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भी लोगों की निगाहें लगी हुईं हैं। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राज्य की महानगरपालिकाओं, जिला परिषद सहित अन्य स्थानीय निकायों की चिंता भी सता रही है। मंत्रिमंडल का विस्तार कर मंत्रियों को चुनाव की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**कई विधायक जाहिर कर चुके हैं नाराजगी**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी ने 30 जून को पद और गोपनीयता की शपथ



दिलाई थी। सरकार बनने के 39 दिन बाद 9 अगस्त को 18 मंत्रियों को शपथ दिलवाकर मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया था, लेकिन इस मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री नहीं बनाए जाने से शिंदे गुट के अलावा बीजेपी के भी कई विधायक नाराज हैं। आघाड़ी सरकार में राज्य मंत्री रहे बच्चू कडू और शिंदे गुट के संजय शिरसाट सहित अन्य विधायक अपनी नाराजगी कई बार सार्वजनिक कर चुके हैं।

**विधायकों की नाराजगी दूर करने में अभी भी 20 से 25 दिन का समय लग सकता...**

## 11 सितंबर से शुरू हो रहा है पितृपक्ष

महाराष्ट्र विधान मंडल के सदस्यों की संख्या को देखते हुए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 43 को शामिल किया जा सकता है। फिलहाल राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सहित कुल 20 मंत्री हैं। मंत्रिमंडल का दूसरे विस्तार में बीजेपी और शिंदे गुट के कुल 20 विधायकों को शपथ दिलाई जा सकती है। महाराष्ट्र के प्रमुख उत्सवों में से एक गणेशोत्सव 9 सितंबर को समाप्त हो रहा है। 11 सितंबर से पितृपक्ष शुरू हो रहा है जो 25 सितंबर को समाप्त होगा ।पितृपक्ष में कोई शुभ काम नहीं होता है। 26 सितंबर को घटस्थापना के साथ नवरात्रोत्सव शुरू हो है जो 5 अक्टूबर दशहरा तक रहेगा। सत्ता संघर्ष की सुनवाई 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में होनी है। अदालत की सुनवाई के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार करने की तैयारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की है।

# शिवसेना सांसद संजय राउत जमानत के लिए विशेष अदालत में किया आवेदन...!

## आज सुनवाई होने की संभावना

**मुंबई :** शिवसेना सांसद संजय राउत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत के लिए आवेदन किया है। उन्होंने यह अर्जी मुंबई सत्र न्यायालय की विशेष पीएमएलए अदालत में दायर की है। जिस पर आज यानी गुरुवार को सुनवाई होने की संभावना है। ईडी ने गोरेगांव पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सांसद संजय राउत को गिरफ्तार किया है। वे फिलहाल 19 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। गौरतलब है कि, सांसद संजय राउत फिलहाल आर्थर रोड जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

बॉम्बे सेशंस कोर्ट ने उन्हें 19 सितंबर तक के लिए न्यायिक हीरासत में भेज दिया है। ईडी ने पात्रा चॉल मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत को 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इस मामले में उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कोर्ट ने संजय राउत को आर्थर रोड जेल में घर का खाना और दवा मुहैया कराने की इजाजत दी थी। बता दें कि मुंबई के



गोरेगांव इलाके में पात्रा चॉल से जुड़ा है। यह महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवेलपमेंट अथॉरिटी का भूखंड है। गौरतलब है कि इस साल अप्रैल में एऊ ने पुनर्विकास घोटाले के सिलसिले में संजय राउत की पत्नी वर्षा के दादर में एक फ्लैट और अलीबाग के पास ही करीब 11.15 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां कुर्क की थीं। आरोप है कि रीयल एस्टेट कारोबारी प्रवीण राउत ने पात्रा चॉल में रह रहे लोगों से धोखा किया। वहां एक एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस भूखंड पर 3000 फ्लैट बनाने का काम मिला था। इनमें से 672 फ्लैट पहले से यहां रहने वालों को देने कि बात थी।

# मढ़ मार्वे में 49 अनधिकृत स्टूडियो की जांच का मनपा आयुक्त ने दिया निर्देश

**मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मालाड मार्वे में बने अवैध स्टूडियो की जांच का आदेश दिया है। मनपा आयुक्त ने उपायुक्त उपायुक्त हर्षद काले एक माह के भीतर आरोपों की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है । मनपा प्रशासन उसके बाद अवैध स्टूडियो के खिलाफ एक्शन लेगी।**

## मनपा उपायुक्त को सौपी जिम्मेदारी एक महीने में रिपोर्ट देने का निर्देश

बता दे कि मालाड के मढ़, मार्वे, ईरंगल और भाटी में 49 अवैध स्टूडियो के निर्माण का आरोप भाजपा नेता किरीट सोमैया ने लगाया था ।मनपा द्वारा जांच का आदेश देने के बाद किरीट सोमैया ने आरोप लगाया कि जांच का आदेश होने बाद यह सिद्ध हो गया कि इस घोटाले में उद्धव ठाकरे सरकार में मंत्री रहे,

असलम शेख और आदित्य



ठाकरे का समर्थन था। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने अपने जांच आदेश में कहा गया है कि मालाड , मार्वे और आसपास के इलाकों में 49 अवैध स्टूडियो के निर्माण और सीआरजेड सहित एमडीजेड के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। जिन्हें वर्ष 2021-22 में नोटिस भी जारी किया। आरोप लगाया गया है कि बिना परमिशन, नकली दस्तावेज , झूठे परमिशन के आधार पर हजारों वर्ग मीटर की जगह पर अवैध तरीके से स्टूडियो का निर्माण किया गया है। इसमें मनपा एवं महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों की मिलीभगत है। मनपा आयुक्त ने अवैध निर्माण की शिकायत को देखते हुए उपायुक्त हर्षद काले को जांच का आदेश दिया है। काले को 4 सप्ताह के भीतर पूरी मामले की जांच कर रिपोर्ट सौपने का निर्देश दिया गया है । साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी सिफारिश करने की भी बात कही गई है। मनपा आयुक्त ने सात मुद्दों पर जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। जिसमे मनपा के कई अधिकारियों के भी फंसने की

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# रैना का संन्यास...!

सुरेश रैना ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तो वह पहले ही अलग हो चुके थे, मगर आईपीएल से उन्होंने अपना नाता जोड़े रखा था। भले ही यह कोई अप्रत्याशित घटना नहीं हो, क्योंकि हरेक खिलाड़ी के करियर में यह मुकाम आता ही है, मगर संन्यास की यह घोषणा एक टीस जरूर दे गई। रैना बेहतर विदाई के हकदार थे, खासकर इंडियन प्रीमियर लीग की कामयाबी में उनके खेल-योगदान को देखते हुए ऐसा लगता है। आईपीएल में 5,500 से अधिक रन उनके दमखम का प्रमाण देते हैं। मगर आधुनिक पेशेवर दुनिया की यह निर्मम सच्चाई है कि जब तक आप उपयोगी हैं, आप पर कोई दांव लगाने को तैयार है, तभी तक आपकी जय-जयकार होगी। रैना को इस साल न तो उनकी फ्रेंचाइजी 'चेन्नई सुपर किंग्स' ने बरकरार रखा था और न ही किसी अन्य टीम ने उन पर दांव लगाया।

> एक समय था, जब मोहम्मद कैफ, आरपी सिंह जैसे खिलाड़ियों के उदय ने यह उम्मीद जताई थी कि क्रिकेट की दुनिया में उत्तर प्रदेश एक बड़ी लकीर खींचने जा रहा है, मगर आईपीएल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म की उपस्थिति के बावजूद अब तक ऐसा संभव नहीं हो सका है। इसलिए, रैना जैसे बड़े खिलाड़ियों से यह अपेक्षा की जाएगी कि क्रिकेटरों की नई पौध खड़ी करके वे देश-प्रदेश के प्रति अपनी कृतज्ञता जताएं।

लेकिन भारतीय क्रिकेट का इतिहास सुरेश रैना को नजरअंदाज नहीं कर सकेगा, क्योंकि वह न सिर्फ इस खेल विधा के सभी प्रारूपों में लंबे अरसे तक चमकते हुए सितारे रहे, बल्कि उनके खेल कौशल ने करोड़ों दिलों में उन्हें स्थापित कर दिया है। वह जिस दौर में टीम इंडिया से जुड़े, वह छोटे-छोटे शहरों से क्रिकेटरों के उभार का दौर था।

महेंद्र सिंह धौनी व सुरेश रैना जैसे बड़े खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शनों से कस्बों, शहरों में पल रहे अनगिनत सपनों को मजबूत आधार दिया था। इस लिहाज से भी उनका योगदान बहुत बड़ा है। न सिर्फ बल्लेबाज के रूप में रैना ने टेस्ट, एकदिवसीय व ट्वंटी-20 में शतक जड़े, बल्कि लाजवाब क्षेत्ररक्षण के लिए तो उनको दुनिया के दिग्गज क्षेत्ररक्षकों जोंटी रोड्स, रिकी पोंटिंग, पॉल कॉलिंगवुड के साथ खड़ा किया जाता रहा, और एक अच्छा क्रिकेटर जितने रन बनाता है, उतना ही क्षेत्ररक्षण से बचाता भी है। यह बात गेंदबाजों पर भी लागू होती है। रैना देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। साल 2003 में वह उत्तर प्रदेश रणजी टीम के सदस्य बने थे और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसलिए कल रैना ने उचित ही बीसीसीआई के साथ-साथ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रति भी अपना आभार जताया। हालांकि, एक कटु सत्य यह भी है कि विशाल आबादी वाले इस प्रदेश की अपेक्षाकृत कम प्रतिभाओं ने खेलों में अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। ऐसे में, सुरेश रैना जैसे प्रतिष्ठित क्रिकेटरों के अनुभव का लाभ राज्य में खेल-संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उठाया जाना चाहिए। एक समय था, जब मोहम्मद कैफ, आरपी सिंह जैसे खिलाड़ियों के उदय ने यह उम्मीद जताई थी कि क्रिकेट की दुनिया में उत्तर प्रदेश एक बड़ी लकीर खींचने जा रहा है, मगर आईपीएल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म की उपस्थिति के बावजूद अब तक ऐसा संभव नहीं हो सका है। इसलिए, रैना जैसे बड़े खिलाड़ियों से यह अपेक्षा की जाएगी कि क्रिकेटरों की नई पौध खड़ी करके वे देश-प्रदेश के प्रति अपनी कृतज्ञता जताएं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# उद्धव ठाकरे के सांसद और विधायक समेत फिर टूटेंगे 15 नेता...

## दशहरा रैली का भी छिन सकता है मौका

**महाराष्ट्र :** उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच चल रही रस्साकशी अब और तेज होने वाली है। दोनों नेताओं के बीच असली शिवसेना के दावे के बाद शिवाजी पार्क दशहरा रैली करने को लेकर खींचतान चल रही है। इस बीच एकनाथ शिंदे गुट ने उद्धव ठाकरे को और कमजोर करने की तैयारी कर ली है। महाराष्ट्र के सियासी हलकों में चर्चा है कि विजयादशमी के मौके पर उद्धव गुट के करीब 15 नेता एकनाथ शिंदे के समर्थन में आ सकते हैं। इन नेताओं में एक सांसद, दो विधायक और लगभग 5 पूर्व पार्षद शामिल हैं। इसके अलावा कुछ और नेता ऐसे हैं, जो विभिन्न निगमों पर पदासीन हैं या किसी और पद पर हैं।



यही नहीं एकनाथ शिंदे गुट ने तो उद्धव ठाकरे खेमे को विजयादशमी की रैली संबोधित करने से रोकने के लिए भी पूरी फिल्डिंग सजा ली है। कहा जा रहा है कि किसी को भी शिवाजी पार्क में रैली न करने देने पर भी विचार हो रहा है। इसके तहत शिवाजी पार्क को ही फ्रीज किया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो फिर बालासाहेब ठाकरे के दौर से चली आ रही परंपरा टूट जाएगी। 1966 में शिवसेना की स्थापना हुई थी और तब से ही दशहरे की रैली उसका सबसे बड़ा आयोजन रहा है। हर साल आयोजित होने वाली इस रैली में पूरे में महाराष्ट्र से शिवसैनिकों का जमावड़ा लगता रहा है। यदि विधायक टूटते हैं तो फिर एकनाथ शिंदे खेमे में विधायकों की संख्या 42 से 43 तक हो सकती है। उद्धव ठाकरे ग्रुप के कई नेताओं को तोड़ने के बाद अब एकनाथ शिंदे गुट की कोशिश उनके करीबी नेताओं को भी अपने पाले में लाने की है।

## एजेंसियों को नहीं मिले लोकल के ड्रम से टकराने के सबूत

**मुंबई :** फास्ट कॉरिडोर पर लोहे का ड्रम रखकर लोकल को डिरेल करने का खुलासा मध्य रेलवे ने पिछले दिनों किया था। इसके पीछे किसी खुराफाती साजिश की बात सामने आई थी। ये घटना मध्य रेलवे के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से भायखला स्टेशन के बीच किमी नंबर २/४३५ के पास घटी थी। रेलवे की जांच एजेंसियां (आरपीएफ-जीआरपी) इस मामले की जांच गंभीरता से कर रही है। मोटरमैन द्वारा दिए गए बयान के आधार पर भी जांच जारी है लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को अब तक ऐसे कोई भी सबूत नहीं मिले हैं, जो लोकल ट्रेन के मोटरमैन शर्मा के दावों को पुख्ता बता सके। जांच एजेंसियां अभी भी मोटरमैन के दावों को लेकर संभ्रम की स्थिति में हैं कि ये मामला हकीकत है या फिर फसाना कर केवल वाहवाही लूटने की चाल है।

# फिर सुर्खियों में निर्दलीय सांसद नवनीत राणा

## थाने पहुंचकर निकाला गुस्सा, खुद बताई वजह



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अमरावती की निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने लव जिहाद के मामले को लेकर थाने में हंगामा काटा. अमरावती के राजापेठ पुलिस स्टेशन में नवनीत राणा और पुलिस के बीच काफी बहस भी हई. पुलिस स्टेशन में नोक-झोंक को लेकर नवनीत राणा के व्यवहार पर सवाल खड़े हो रहे हैं. थाने नें हुए इस बवाल को लेकर नवनीत राणा की भी प्रतिक्रिया सामने आई हैं.

नवनीत राणा ने इस मामले को लेकर बताया कि यहां के जो कमिश्नर ऑफ पुलिस हैं और जो डिपार्टमेंट में काम करना चाहिए इतने दिनों से दो ढाई साल से जो आदेश-निर्देश पर काम हो रहे हैं उसमें कहीं पर भी डिपार्टमेंट की पकड़ नहीं रही है. जब मैंने लव जिहाद के मामले में 24 घंटे के बाद पुलिस को फोन करके पूछा कि इस पर क्या पूछताछ की है तो पीआई द्वारा मेरी फोन टेप रिकॉर्डिंग की जाती है. अमरावती में पुलिस लव जिहाद को दोषियों को बचा रही है. पुलिस से कहा कि वह सख्त होकर लड़के से पूछे तो वह लड़की का एड्रेस बता देगा लेकिन वह मेरी फोन टेप रिकॉर्डिंग करने लगे. लड़की का भाई और परिवार काफी परेशान है लेकिन पुलिस आरोपी को बचा रही है.

### गृह मंत्री से फोन टेप रिकॉर्डिंग की करेंगी शिकायत- नवनीत राणा

नवनीत राणा ने कहा कि अमरावती में लव जिहाद का यह पांचवा मामला है. सांसद ने कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि लड़की क सुरक्षित है या नहीं है. इसके साथ ही सासंद ने कहा कि फोन टेप रिकॉर्डिंग के मामले को लेकर में गृह मंत्री से भी बात करुंगी. वहीं सांसद ने कहा जब से कमिश्नर ऑफ पुलिस आरती सिंहहमारे क्षेत्र अमरावती में आई हैं. यह पहली आईपीएस होंगी जो हमारे क्षेत्र में व्यवस्था बिगाड़ने का काम कर रही हैं. जब से वो आई हैं और जहां जहां गई हैं वहां पर हिंदू मुस्लिम दंगे कराती हैं और फिर उसे शांत करने का काम करती हैं और अवॉर्ड लेने का काम करती हैं.

# इंदौर में कार से मिला 3.72 करोड़ का सोना, मुंबई का व्यापरी गिरफ्तार



**इंदौर :** इंदौर में सोने की तस्करी के मामले में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। डीआरआई ने 30 अगस्त को राजेंद्र नगर के पास एबी रोड पर एक कार के अंदर से तस्करी का सोना बरामद किया था। इसका कुल वजन 7 किलो 100 ग्राम है। कार में बनाई गई एक विशेष खाली जगह से कुल आठ सोने के बिस्कुट बरामद किए गए। यह विदेशी सोना दुबई और स्विटजरलैंड की रिफाइनरियों से तस्करी के जरिए भारत लाया गया। सफेद रंग की कार में दो व्यक्ति सोना लाने के लिए मुंबई से इंदौर आ रहे थे। डीआरआई ने तस्करी का सोना ला रहे दोनों युवकों को पकड़ा और उनसे इस मामले में पूछताछ की।

उन्होंने मुंबई के बिजनेसमैन का नाम लिया। मुंबई के कारोबारी को डीआरआई ने दोनों आरोपितों की निशानदेही पर मौके से गिरफ्तार कर लिया। बरामद किए गए सोने की बाजार कीमत 3.72 करोड़ रुपये आंकी गई है। ऐसा कहा जा रहा है कि देश के अलग-अलग हवाई अड्डों से विदेशी सोने की तस्करी कर मुंबई भेजा जा रहा है। वहीं से देशभर के बाजारों में इसकी खपत हो रही है। तस्करी का सोना मुंबई से लाया जाता है। दरअसल, विदेशी सोने पर टैक्स और ड्यूटी से बचने के बाद कम से कम 10 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत कम हो जाती है।

99.99 प्रतिशत शुद्धता वाले इस सोने में स्थानीय ज्वैलर्स ने मिलावट की है ताकि इसे और अधिक लाभदायक सौदा बनाया जा सके। विदेशों से इसलिए कानून को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर तस्करी कर सोना मंगवाया जा रहा है। डीआरआई इंदौर ने इस साल अब तक कुल आठ किलो विदेशी सोना बरामद किया है।

# मनपा स्कूलों के क्लास रूम को स्मार्ट बनाया जाएगा



**मुंबई :** कोविड-१९ महामारी के बाद ऑनलाइन स्कूल का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। प्राइवेट स्कूलों में ऑनलाइन एजुकेशन पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जहां एक ही शिक्षक सैकड़ों बच्चों को डिजिटल तकनीकी के माध्यम से शिक्षा दे रहा हैं। प्राइवेट स्कूलों के बाद अब मनपा स्कूलों के बच्चों को भी ऑनलाइन एजुकेशन की ऊंची शिक्षा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए मनपा स्कूलों के क्लास रूम को स्मार्ट बनाया जाएगा और इस काम में मैक्सहब अहम भूमिका निभाने के लिए मनपा स्कूल प्रशासन से विचार-विमर्श इन दिनों कर रहा है। बता दें कि मनपा स्कूलों के क्लास रूम को स्मार्ट बनाने की योजना बनाई जा रही है, जहां छात्रों को किताब के बोझ से छुटकारा मिलेगा।

क्योंकि मैक्सहब मनपा स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम सेटअप करेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग से बात चल रही हैं। फिलहाल इस तरह के ३० ठाणे मनपा स्कूलों में क्लास रूम की व्यवस्था की गई है जबकि नांदेड़ में १७० स्मार्ट क्लास रूम सेटअप किए गए हैं। योजना के मुताबिक सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही मनपा स्कूलों के क्लास रूम स्मार्ट हो जाएंगे। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अविनाश जोहरी ने बताया कि ब्लैकबोड्र्स के साथ ८६ पैनल, ट्रैकिंग कैमरा, ओम्नी-डायरेक्शनल माइक्रोफोन, स्टीरियो स्पीकर्स और रिकॉर्डिंग डिवाइस का हमारे पास ऐसा सेटअप है, जो रिकॉर्डिंग और लाइव प्रसारण क्षमताओं के साथ क्लास रूम को स्मार्ट बना देगा। फिलहाल स्मार्ट क्लास रूम को लेकर हम मनपा शिक्षा विभाग से चर्चा कर रहे हैं।

# कल्याण में कलियुगी बेटे ने की मां की हत्या...!

## आरोपी बेटा गिरफ्तार

**कल्याण :** कल्याण में एक कलियुगी बेटे द्वारा अपनी मां की हत्या किए जाने का सनसनीखेज घटना आमने आई हैं। हत्यारे बेटे को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पूर्व कोलशेवाड़ी पुलिस की हद में एक शख्स ने अपनी मां की कथित रूप से गला घोंटकर हत्या कर दी और अपनी मां सरोजा पुमनी से घरेलू और आर्थिक मसलों पर अक्सर झगड़े होते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों का रविवार-सोमवार की दरमियानी रात में भी झगड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि इसके बाद व्यक्ति ने रस्सी से अपनी मां की कथित रूप से गला घोंटकर हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने के लिए आत्महत्या किए जाने



इसे खुदकुशी का मामला दिखाने की कोशिश की। कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के निरीक्षक एस. जी. गवली ने बताया कि घटना सोमवार को कल्याण पूर्व में हुई और आरोपी की पहचान 34 वर्षीय रवि पुमनी के तौर पर हुई है। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी नवी मुंबई के घनसोली इलाके में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है और उसके की कहानी सुनाई। अधिकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटे जाने का संकेत मिला है। उन्होंने बताया कि रवि के पिता की शिकायत पर कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में हत्या और सबूत मिटाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

# भगत सिंह कोश्यारी से मिले शिंदे

## राज्यपाल के गणपति को दी विदाई



**मुंबई :** मंगलवार को दिन भर नेताओं की मेल-मुलाकात और गणपति दर्शन का दौर जारी रहा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की उपस्थिति में राजभवन के जल भूषण में स्थापित बप्पा की आरती की। राज्यपाल के घर विराजमान बप्पा का मंगलवार को विसर्जन किया गया। इसके पहले मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच 10 मिनट तक बातचीत हुई।

इधर मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास वर्षा बंगले पर जाकर बाप्पा के दर्शन किए। इस दौरान राज ठाकरे की पत्नी शर्मिला ठाकरे, पुत्र अमित ठाकरे भी मौजूद थे। इस दौरान राज ठाकरे और मुख्यमंत्री शिंदे के बीच आधे घंटे तक बातचीत हुई।

वन और सांस्कृतिक कार्यमंत्री सुधीर मुनगंटीवार से पूर्व भाजपा सांसद छत्रपति संभाजी महाराज ने मुलाकात की। स'ाद्रि गेस्ट हाऊस में हुई इस मुलाकात के दौरान रायगड किले के विकास को लेकर बातचीत हुई।मुनगंटीवार ने इस बारे में आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। इसके बाद मुनगंटीवार ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान गोंडवाना विश्वविद्यालय के विकास को लेकर चर्चा हुई। राज्यपाल ने कहा कि गोंडवाना विश्वविद्यालय को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए पूरा सहयोग किया जाएगा।

# महाराष्ट्र बुजुर्गों के लिए असुरक्षित राज्य...!




**मुंबई :** अपराध के नजरिए से महाराष्ट्र की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। यहां लगभग हर रोज ही छोटे अपराधों से लेकर बड़ी-बड़ी वारदातें सामने आ जाती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों में भी इसकी पुष्टि हो रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश में महाराष्ट्र बुजुर्गों के लिए असुरक्षित राज्य है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ वर्ष २०२१ में देशभर में कुल २६,११० आपराधिक वारदातें हुईं । इनमें से करीब २४ फीसदी यानी ६,१९० वारदातें महाराष्ट्र में सामने आईं, जिनमें ६,२८७ बुजुर्गों को निशाना बनाया गया, जबकि मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है। मध्य प्रदेश में ५,२७३ आपराधिक वारदातों के शिकार ५,३१३ बुजुर्ग हुए। आंकड़ों पर गौर करें तो देशभर में बुजुर्गों के खिलाफ हुए अपराधों में से करीब ४४ फीसदी इन्हीं दो राज्यों में हुए। महाराष्ट्र में साल २०१९ में बुजुर्गों के खिलाफ अपराध के ६,१६३ मामले सामने आए थे। कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के दौरान साल २०२० में यह आंकड़ा घटकर ४,९०९ हुआ लेकिन साल २०२१ में फिर बुजुर्गों के खिलाफ अपराध बढ़े और आंकड़ा ६,१९० तक पहुंच गया।

वरिष्ठ नागरिकों से धोखाधड़ी के मामले भी सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में हो रहे हैं। १,१५० वारदातों में १,१५३ बुजुर्गों से ठगी और ९७३ के साथ धोखाधड़ी हुई है, जबकि इस साल दूसरे नंबर पर तेलंगाना है, जहां बुजुर्गों से ठगी की ४१९ और धोखाधड़ी की ३३३ वारदातें हुई हैं। आंकड़े बताते हैं कि राज्य में बुजुर्गों के खिलाफ हुए अपराधों में से वर्ष २०२१ के अंत तक १२,६७३ की जांच पूरी नहीं हुई थी, जो दूसरे राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा है। १,३७७ मामलों में पुलिस को आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

# धुले में पुलिस ने चार युवकों से बरामद की 7 धारदार तलवारें, जांच शुरू...!



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में तलवार मिलने का सिलसिला जारी है. आज धुले जिला पुलिस ने मालेगाव जा रहे युवकों से 7 तलवारें जब्त की हैं. पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक हथियार के साथ हाईवे पर आने वाले हैं. जिसके बाद इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया. मिला जानकारी के अनुसार, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धुले-मालेगाव हाईवे पर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार 4 संदिग्ध युवकों को रोका और उनकी तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान उनके पास से 7 तलवारें बरामद हुई. पुलिस ने बताया कि इन चारों युवकों के नाम सुनील सोनवाने, विकास भील, विकास मालचे और सुनील भील हैं. अभी इस बात की जांच जारी है कि ये युवक तलवार कहां से लेकर आए और कहां लेकर जा रहे थे. गौरतलब है कि महाराष्ट्र के धुले जिले से अप्रैल महीने में भी पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए थे.

# सीट बेल्ट को लेकर जागरूकता अभियान चलाएगी मुंबई पुलिस

## 200 रुपये जुमार्ने का है प्रावधान!

### आम लोगों के साथ अमूमन पुलिस वालों को भी इसकी जानकारी नहीं रहती

**मुंबई:** मोटर वीइकल ऐक्ट में यह साफ-साफ लिखा हुआ है कि कार में पीछे की सीट पर बैठने वालों को भी बेल्ट बांधनी चाहिए, लेकिन तमाम लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी राज तिलक रौशन ने मंगलवार को मुंबई पुलिस लोगों को जागरूक करने के लिए बहुत जल्द एक अभियान शुरू करने वाली है। मोटर वीइकल ऐक्ट में लिखा हुआ है कि यदि कोई सीट बेल्ट नहीं पहनता, भले ही वह गाड़ी में पीछे ही क्यों न बैठा हो, तो पुलिस उस पर 200 रुपये का जुमार्ना लगा सकती है, लेकिन आम लोगों के साथ अमूमन पुलिस वालों को भी इसकी जानकारी नहीं रहती।




इसीलिए पुलिस बिना बेल्ट के पीछे बैठकर सफर करने वालों पर कभी कार्रवाई नहीं करती। तीन दिन पहले टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोल की पालघर के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह पिछली सीट पर थे। लेकिन, चूंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं लगा रखी थी। इस वजह से बहुत तेज झटका लगने से उनकी मौत हो गई। इस कार में आगे अनहिता पंडोल और डरायस पंडोल थे। उन्होंने सीट बेल्ट पहन रखी थी। इस वजह से उनका एयरबैग खुल गया और वह बच गए। जानकारों का कहना है कि सीट बेल्ट और एयर बैग आपस में जुड़े होते हैं। सीट बेल्ट लगी हो, तभी हादसे के दौरान एयर बैग खुलता है।



# सांताक्रूज में वीडियो कॉल के दौरान युवक ने खुद को आग लगाई



**मुंबई :** सांताक्रूज में 19 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने घर पर वीडियो कॉल के दौरान अपनी प्रेमिका से झगड़ा करते हुए खुद को आग लगा ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वकोला थाने के एक अधिकारी ने कहा कि पीड़ित सागर परशुराम जाधव 30 फीसदी तक जल गया है और उसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, जाधव का गणपति के एक पंडाल में जाने के बाद सोमवार रात को अपनी महिला मित्र के किसी खास सड़क से जाने को लेकर फोन पर झगड़ा हो गया था। अधिकारी ने कहा कि गुस्से में उसने खुद को आग लगाने की धमकी दी और इसी दौरान उसकी कमीज के कॉलर में आग लग गई। उन्होंने कहा कि जाधव के परिवार के सदस्य घर पर थे, उन्होंने आग बुझाई और उसे अस्पताल ले गए। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने युवक का बयान दर्ज कर लिया है और उसने कहा है कि उसके इस कदम के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। मामले की आगे की जांच जारी है।

# राकांपा का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले पर तंज!



**मुंबई :** २०२४ के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस और शरद पवार को मात देने की योजना भाजपा बना रही है। इसके लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले दौरे पर थे लेकिन 'मिशन बारामती' पर गए बावनकुले पर राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता रूपाली पाटील ने जमकर निशाना साधा है। रुपाली पाटील ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा है कि जिसको खुद की पार्टी से टिकट नहीं मिला, वह चला है बारामती जीतने। ऐसा तंज उन्होंने बावनकुले पर कसा। आगे उन्होंने बावनकुले को 'तोता' कहा है। बावनकुले को जितना रटाया जाएगा, वे उतना ही बोलेंगे? इसके अलावा राकांपा के स्थानीय नेता बालासाहेब तावरे, योगेश जगताप आदि नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि बारामती की सांसद सुप्रिया सुले को सांसद रत्न देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौरवान्वित किया है। उनके ही पार्टी के भाजपा नेता बारामती में आकर सुप्रिया सुले को आगामी लोकसभा चुनाव में पराजित करने की भाषा बोल रहे हैं। बारामती के लिए मंजूर किए ५०० करोड़ रुपए से अधिक की विकास निधि को भाजपा की राज्य सरकार ने रोक रखा है और जनता को हर तरह से भाजपा द्वारा परेशान किया जा रहा है। इन सबके बावजूद भी वह बारामती को जीतने चले हैं। भाजपा की ऐसी दोहरी भूमिका में बारामती की जनता फंसनेवाली नहीं है। धुमालवाड़ी-विकोबा नगर (बारामती) में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत करीब ९ करोड़ ५३ लाख रुपए खर्च करके बननेवाली सड़क के कामों का शुभारंभ कल किया गया, इस मौके पर राकांपा नेताओं ने भाजपा के खिलाफ आक्रामक भूमिका व्यक्त की।

# विधायक की कार को टक्कर मारने वाला चालक गिरफ्तार!



**मुंबई :** मुंबई -पुणे हाइवे पर उर्स टोल गेट पर भाजपा विधायक नीतेश राणे की कार को टक्कर मारने वाले आरोपित ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में नीतेश राणे और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार देररात नीतेश राणे सपरिवार मुंबई से पुणे जा रहे थे। कार में उनकी पत्नी, बच्चे और रिश्तेदार सवार थे। अचानक उर्स टोल नाका के पास उनकी कार को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में नीतेश राणे और उनके परिवार को चोट नहीं आई। ट्रक चालक कर्नाटक निवासी है।

## पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने अपात्र होने पर भी किसान योजना की सहायता मिलने का दावा किया



**मुंबई :** पूर्व लोकसभा सदस्य राजू शेट्टी ने मंगलवार को दावा किया कि पात्र न होते हुए भी उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत दो हजार रुपये की मासिक वित्तीय सहायता मिल रही है, जबकि कई पात्र किसान इस लाभ से वंचित हैं। पूर्व सांसद होने के कारण शेट्टी को मासिक पेंशन मिलती है और वह पीएमकेएसवाई के लाभार्थी होने के योग्य नहीं हैं। गौरतलब है कि योजना के तहत उन किसानों को वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है, जिनके पास आय का कोई स्रोत नहीं है। ह्यकेंद्र सरकार के नियमों के अनुसार, मैं दो हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हूं। हालांकि, 31 मई को मुझे 11वीं बार दो हजार रुपये मिले ह्व

उन्होंने दावा किया कि पीएमकेएसवाई लाभार्थियों की सूची से कई पात्र किसानों के नाम गायब हैं। शेट्टी ने मंगलवार को शिरोल में तहसील कार्यालय का दौरा किया

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर हुआ प्यार... और अब रेप का आरोप!




**मुंबई :** ऑनलाइन दोस्ती और फिर प्यार करना मुंबई की एक महिला को भारी पड़ा है। जानकारी के मुताबिक, मुंबई के भायखला में रहने वाली की 38 वर्षीय महिला ने ठाणे जिले के मुंब्रा के 32 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। महिला ने रेप की शिकायत माथेरान पुलिस स्टेशन में की है। आरोप है कि शख्स ने महिला को इंस्टाग्राम के जरिए फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उससे दोस्ती की और फिर प्यार के जाल में फंसाकर बलात्कार किया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, शादी का झांसा देकर आरोपी ने माथेरान के एक होटल में महिला से दुष्कर्म किया और बाद में पैसे भी मांगे। बाद में उसने पीड़िता से कन्नी काटनी शुरू कर दी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस अब उनकी बोर्डिंग एंट्री के बारे में पता लगाने के लिए संबंधित होटल के रिकॉर्ड खंगाल रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर दोनों के बीच हुई बातचीत की भी पड़ताल कर रही है। आरोपी पर रेप और आपराधिक धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। कई लोगों का आरोप है कि माथेरान के लॉज में अवैध गतिविधियां होती हैं।

# युवती के साथ मुंबई ले जाकर दुष्कर्म

## बेचने की कोशिश भी हुई, चंगुल से छूटकर ऐसे घर पहुंची लड़की



**पवई :** पवई थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी के साथ मुंबई ले जाकर दुष्कर्म किया गया और फिर उसे बेचने की कोशिश की गई। किसी तरह भाग कर घर पहुंची किशोरी ने पवई थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने तीन युवकों को तो गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी अभी पकड़ से दूर है। वह मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। मंगलवार को पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची और पत्रक सौंप कर न्याय की गुहार लगाई। एसपी को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि चार माह पूर्व वह घर से पूजा का सामान खरीदने के लिए बाजार जा रही थी। इसी दौरान पड़ोस का ही एक युवक व उसके भाई ने उसे अपहत कर लिया। गाड़ी से ही लेकर मुंबई चले गए। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया और बेचने की कोशिश की गई। किसी तरह वह उनके चंगुल से छूट कर ट्रेन से गोरखपुर पहुंची, फिर चाइल्ड लाइन की मदद से अपने घर आयी। इसके बाद उसने पवई थाने पर तहरीर दिया। जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर तीन का चालान कर दिया लेकिन अब तक मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी नहीं कर रही है और वह लगातार मुकदमा उठाने का दबाव बना रहा है।

# विदर्भ में आठ दिनों में १६ किसानों ने आत्महत्याएं की!



**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जिस विदर्भ क्षेत्र से आते हैं, उस विदर्भ में पिछले आठ दिनों में १६ किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। छह आत्महत्याएं तो किसानों ने दो दिनों में की हैं। यवतमाल जिले के मारेगांव तालुका में हुई इस घटना का दावा 'वसंतराव नाईक शेतकरी स्वावलंबन मिशन' के अध्यक्ष किशोर तिवारी ने किया है। तिवारी ने मारेगांव तालुका के आत्महत्याग्रस्त किसानों के घर जाकर उनके परिवारवालों से मुलाकात करके सांत्वना दी। किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए 'किसान स्वावलंबन मिशन' का पंचसूत्री कार्यक्रम तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम तत्काल शुरू करने की मांग मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की है, ऐसा उन्होंने बताया। आज तक सबसे अधिक आत्महत्याएं २०१६ में १ हजार २३१ किसानों ने की थी। तिवारी ने बताया कि २ सितंबर को यवतमाल जिले के मारेगांव तालुका के म्हैसदोडका, नरसाला, रामेश्वर, गदाजी बोरी में आत्महत्याग्रस्त किसानों के परिवारवालों से मुलाकात की थी। आत्महत्याग्रस्त किसानों के घर तक पुलिस, कृषि, ग्राम विकास, स्वास्थ्य आदि एक भी विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे थे। इससे स्पष्ट होता है कि किसानों की आत्महत्या को लेकर सरकार बहुत उदासीन है, ऐसा दुख तिवारी ने व्यक्त किया।

# राजा सिंह की पत्नी ने हाईकोर्ट में पति की गिरफ्तारी को दी चुनौती

नई दिल्ली



**तेलंगाना उच्च** न्यायालय में एक याचिका दायर कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजा सिंह के खिलाफ जारी हिरासत आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। राजा सिंह को पिछले महीने पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राजा सिंह को हैदराबाद पुलिस ने एहतियाती हिरासत अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। उनकी यह गिरफ्तारी इस्लाम और पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित टिप्पणी के मामले में मिली जमानत के कुछ दिनों के बाद की गई। उनकी कथित टिप्पणी की वजह से पूरे शहर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। मंगलहाट पुलिस थाने में उनके खिलाफ उद्दंड आचरण पत्र का संदर्भ देते हुए पुलिस ने बयान में कहा कि वह आदतन भड़काऊ और उकसाने वाले भाषण देते हैं और दो समुदायों के बीच खाई पैदा करते रहे हैं जिससे कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है।

विधायक की पत्नी उषा बाई ने अपनी अर्जी में कहा, मौजूदा हिरासत आदेश केवल कुछ लोगों को संतुष्ट करने के लिए जारी किया जो पूरी जनता नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह केवल उनकी तुष्टिकरण के लिए किया गया न कि किसी अन्य कारण से। यह राज्य पुलिस प्राधिकार के कानून व्यवस्था को कायम रखने में नाकामी का भी सबूत है। उन्होंने कहा कि गोशामहल से मौजूदा विधायक राजा सिंह ने किसी समुदाय या पैगंबर मुहम्मद का उल्लेख नहीं किया और पुलिस अनुमान और भाव के आधार पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकती। गौरतलब है कि एक वीडियो में राजा सिंह द्वारा कथित तौर पर पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी की गई थी जिसे बाद में उस सोशल मीडिया मंच से वापस ले लिया गया जहां उसे जारी किया गया था। बाद में स्थानीय अदालत ने राजा सिंह को जमानत दे दी थी। राजा सिंह को फिर से 25 अगस्त को एहतियाती हिरासत अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया।

## छत्तीसगढ़ में एक महिला समेत तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में मंगलवार को एक महिला नक्सली समेत तीन नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चल रहे पूना नर्काम नई सुबह, नई शुरुआत अभियान से प्रभावित होकर तीन नक्सलियों मड़कम हिड़मे, पुनेम जोगा और कारम सुक्कु ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली हिड़मे जनताना सरकार की उपाध्यक्ष है तथा जोगा डाक्टर कमेटी का सदस्य है, वहीं नक्सली कारम भी जनताना सरकार का उपाध्यक्ष है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला तथा अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

## आरसीपी ने नीतीश कुमार पर साधा निशाना, जदयू ने किया पलटवार

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आर सी पी सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जिस कांग्रेस के विरूद्ध जयप्रकाश नारायण ने जी जान से लड़ाई लड़ी, उसी कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर नीतीश कुमार अपनी समाजवादी जड़ों के साथ विश्वासघात कर रहे हैं।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से राज्यसभा का दूसरा कार्यकाल नहीं मिलने पर केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के लिए बाध्य हुए सिंह ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में यह भी आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री को दरबारी संस्कृति पसंद है, इसलिए उनके जनसंवाद को जनता दरबार नाम दिया गया है। उन्होंने इस साप्ताहिक जनसंवाद कार्यक्रम पर एक श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए कहा कि इस पर खूब धन खर्च किया गया, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ। जद(यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान का जिक्र करते हुए सिंह पर पलटवार किया। चौधरी ने कहा, उन्हें (सिंह को) याद करना चाहिए कि नीतीश कुमार को जेपी, लोहिया और जॉर्ज फर्नांडीस के बाद एकमात्र सच्चा समाजवादी बताकर उनकी तारीफ किसी और ने नहीं, बल्कि उन्होंने की जिनके चरणों में वह (सिंह) लेटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने वंशवादी राजनीति से विमुख रहने के लिए कुमार की तारीफ की थी। चौधरी ने नौकरशाह से नेता बने सिंह को यह भी याद दिलाया, जेपी कभी आरएसएस के लोगों के उनके आंदोलन से जुड़ने के पक्ष में नहीं थे। दोहरी सदस्यता के मुद्दे पर ही जनता पार्टी सरकार गिरी थी। स्पष्ट तौर पर आरसीपी को समाजवादी आंदोलन के इतिहास का कम ज्ञान है। सिंह के दरबारी संस्कृति संबंधी बयान का भी चौधरी ने उपहास उड़ाया। सिंह, नीतीश कुमार के निजी सचिव एवं प्रधान सचिव रहे और बाद में इस्तीफा देकर वह 2010 में जद(यू) में शामिल हो गए थे। चौधरी ने कहा, यह वह (आरसीपी) ही थे, जिन्हें दरबार लगाना पसंद था।

## भाजपा को जानो पहल के तहत नड्डा आज 12 देशों के राजनयिकों से करेंगे संवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा बुधवार को भाजपा को जानो पहल के तहत 12 देशों के राजनयिकों से संवाद करेंगे। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। नड्डा इस पहल के तहत अभी तक हुए चार कार्यक्रमों में 47 विदेशी राजनयिकों से संवाद कर चुके हैं। पार्टी मुख्यालय में बुधवार शाम को होने वाले संवाद के दौरान भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान नड्डा विदेशी राजनयिकों को अपनी पार्टी के इतिहास, उसकी विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान से अवगत कराएंगे। वह राजनयिकों के सवालों का जवाब भी देंगे।इससे पहले, जुलाई महीने में नड्डा ने तीन दिवसीय भारत दौरे पर दिल्ली आए नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से मुलाकात की थी।

## प्रधान न्यायाधीश ने एनएएलएसए के नागरिक सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

नई दिल्ली

**भारत के** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) यू.यू. ललित ने मंगलवार को यहां जैसलमेर हाउस में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के नागरिक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। सीजेआई उदय उमेश ललित एनएएलएसए के प्रमुख संरक्षक हैं। इस अवसर पर न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एस के कौल तथा उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ एनएएलएसए के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। सीजेआई ने निशुल्क कानूनी सहायता लाभार्थियों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाने के लिए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों को बधाई दी। ललित ने कहा कि देश में प्रभावी कानूनी सहायता के वितरण में नागरिक सेवाओं के लिए एक समर्पित केंद्र की स्थापना करना एनएएलएसए के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आम आदमी को बिना किसी परेशानी के प्रभावी कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए नागरिक सेवा केंद्र एक उत्कृष्ट माध्यम साबित होगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि केंद्र एनएएलएसए की पहुंच को लोगों तक सुगम बनाएगा क्योंकि यह सभी तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित, आसानी से सुलभ स्थान है।



**एनएएलएसए के नागरिक सेवा केंद्र के उद्घाटन अवसर पर मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित व अन्य न्यायाधीश**

एनएएलएसए का दफ्तर पहले जामनगर हाउस में था जिसे नौ नवंबर 2021 को उच्चतम न्यायालय के एडिशनल बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित कर दिया गया था। एनएएलएसए का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था, जिसका मकसद समाज के कमजोर वर्ग को निशुल्क कानूनी सुविधाएं मुहैया कराना तथा लोक अदालतें आयोजित करना है।

## पंजाब महिला कांग्रेस की प्रमुख बलवीर रानी सोढ़ी ने पद से इस्तीफा दिया

**फगवाड़ा।** पंजाब महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बलवीर रानी सोढ़ी ने पारिवारिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोमवार को अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजा। सोढ़ी ने पत्र में लिखा, कृपया मुझे पद से मुक्त करें क्योंकि मैं अपनी पारिवारिक परिस्थितियों की मजबूरी के कारण पद पर बने रहने में असमर्थ हूं। हालांकि, सोढ़ी ने आश्वासन दिया कि वह पार्टी के प्रति वफादार रहेंगी। पत्र की प्रतियां पार्टी के नेता राहुल गांधी और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष नेटा डिसूजा को भी भेजी गई हैं। सोढ़ी ने 7 सितंबर को देश भर में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने से पहले इस्तीफा दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग के साथ उनका कोई मतभेद था, तो सोढ़ी ने इससे इनकार कर दिया।

## आधार और राशन कार्ड जोड़ने पर 50 लाख लाभार्थियों का अंतर सामने आया: हिमंत

नई दिल्ली

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य में आधार कार्ड को राशन कार्ड से जोड़ने के दौरान सरकार को 50 लाख लाभार्थियों का अंतर मिला है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार इसी महीने असम के आदिवासी उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है।

शर्मा ने बताया, (आधार और राशन कार्ड को) जोड़ने के अभियान के बाद, हमें पता चला है कि करीब 50 लाख लाभार्थी (सेवा लेने के लिए) नहीं आए हैं। कुछ लोगों की संभवत: मृत्यु हो गई होगी जबकि कुछ लोग विवाह और अन्य कारणों से दूसरी जगह चले गए होंगे। दुर्भाग्य की बात यह है कि कुछ फर्जी नाम भी मिले हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इन लापता लाभार्थियों के कारण सरकार के पास काफी धन की बचत होगी जिसका उपयोग वह सही लोगों को सूची में जोड़ने के लिए करेगी। उन्होंने बताया, हम राष्ट्र खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत नए 50 लाख लोगों को शामिल करेंगे। आज कैबिनेट की बैठक में इन



बिन्दुओं पर चर्चा हुई। शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि अरुणोदोई योजना के तहत करीब 62,000 लोग अपात्र पाए गए जबकि 2,000 लोगों ने स्वेच्छा से इस योजना के तहत लाभ लेने से मना कर दिया। राज्य सरकार इस योजना के तहत करीब 20 लाख लाभार्थी परिवारों को मासिक 1,250 रुपए की राशि देती है। उन्होंने कहा, अरुणोदोई माह 20 सितंबर को समाप्त हो रहा है। हमें वास्तविक संख्या का ज्ञान तभी होगा। मैं आशा करता हूं कि जिन्हें बाहर किया गया है, उनके स्थान पर एक लाख नए लाभार्थी जोड़े जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार सितंबर में असम के आदिवासी उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है।

## न्यायालय शिंदे धड़े की याचिका संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा

नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे धड़े के उस दावे पर गौर किया जिसमें आरोप लगाया गया है कि उद्धव ठाकरे का खेमा निर्वाचन आयोग के समक्ष कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि वह शिंदे खेमे की याचिका को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

शिवसेना और उसके चुनाव चिह्न पर शिंदे खेमे का दावा निर्वाचन आयोग के समक्ष लंबित है। शिंदे खेमे ने अपने आवेदन में मांग की है कि उसे असली शिवसेना घोषित किया जाए और पार्टी का चुनाव चिन्ह (तीर-धनुष) उसे आवंटित किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने शिवसेना और शिंदे की ओर से दाखिल विभिन्न याचिकाओं को पिछले दिनों पांच सदस्ईय संविधान पीठ के पास भेज दिया था, जिनमें दलबदल, विलय और अयोग्यता से जुड़े कई संवैधानिक सवाल उठाए गए हैं। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने निर्वाचन




आयोग को निर्देश दिया था कि वह शिंदे गुट की उस याचिका पर कोई आदेश पारित न करे, जिसमें उसे असली शिवसेना मानने और पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित करने की मांग की गई है। शिंदे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एन के कौल ने प्रधान न्यायाधीश न्यायूमर्ति उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा, हमारे अनुसार, कोई अंतरिम आदेश नहीं है। अदालत ने दूसरे पक्ष (उद्धव समूह) को समय दिया था। अब, दूसरा पक्ष निर्वाचन आयोग के समक्ष कार्यवाही को बाधित कर रहा है। राज्य में अक्टूबर महीने में कुछ चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "मैं उस पर गौर करूंगा और मैं अभी कुछ भी नहीं कह सकता, लेकिन निश्चित तौर पर, कल तक कुछ होगा। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने 23 अगस्त को शिव सेना के दोनों धड़ों की विभिन्न याचिकाओं को पांच सदस्ईय संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। पीठ ने कहा था कि ये याचिकाएं संविधान की 10वीं अनुसूची से जुड़े कई अहम संवैधानिक मुद्दों को उठाती हैं, जिनमें अयोग्यता, अध्यक्ष एवं राज्यपाल की शक्तियां और न्यायिक समीक्षा शामिल है। पीठ ने कहा कि 10वीं अनुसूची से संबंधित नबाम रेबिया मामले में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून का प्रस्ताव एक विरोधाभासी तर्क पर आधारित है, जिसके तहत संवैधानिक नैतिकता को बनाए रखने के लिए रिक्तता को भरने की आवश्यकता है। पीठ महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक संकट से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई कर रही थी, जिसके कारण राज्य में शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई थी।



## 15 साल के करियर में 7 फ्लॉप फिल्में दे चुके हैं रणबीर,

# ब्रह्मास्त्र से फिर बुलंद होंगे सितारे!




रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' सिनेमाघरों में 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। काफी दिनों से फिल्म को लेकर लोगों के बीच बज बना हुआ है। वहीं मेकर्स और स्टारकास्ट में फिल्म को लेकर बॉयकॉट का डर बना हुआ है।

इसके अलावा पाइरेसी को लेकर भी कहीं न कहीं डर सता रहा है। वहीं रणबीर कपूर की पिछली फिल्म शमशेरा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही है। इसके अलावा रणबीर अपने 15 साल के करियर में करीब 7 फ्लॉप फिल्में दे चुके हैं। उनकी डेब्यू और आखिरी फिल्म फ्लॉप साबित हुई है। तो कहीं 'शमशेरा' की फ्लॉप का असर 'ब्रह्मास्त्र' पर तो नहीं होगा? सावंरिया – रणबीर कपूर और सोनम कपूर दोनों की ये डेब्यू फिल्म थी। सावंरिया सिनेमाघरों में 2007 में रिलीज हुई थी। 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 39 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। भले ही ये फिल्म फ्लॉप रही हो, लेकिन इसके लिए रणबीर को बेस्ट मेल डेब्यू एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था।

# तमन्ना भाटिया

## की फिल्म 'बबली बाउंसर' का ट्रेलर रिलीज







बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म बबली बाउंसर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। बबली बाउंसर की कहानी एक यंग फीमेल बाउंसर के इर्द-गिर्द घुमती है। तमन्ना ने इस फिल्म में लेडी बाउंसर की भूमिका निभाई है। इस फिल्म को मधुर भंडारकर ने निर्देशित किया है। बबली बाउंसर के ट्रेलर की शुरुआत सौरभ शुक्ला के वॉइस ओवर से होती हैं, जहां वह फतेहपुर बेरी नाम के एक गांव के बारे में बताते हैं, इसे बाउंसर्स का गांव भी कहा जाता है।इसके बाद एंट्री होती है तमन्ना भाटिया की, जो फिल्म में बबली नाम की एक लेडी बाउंसर का किरदार निभा रही हैं, वहीं सौरभ शुक्ला उनके पिता का किरदार निभा रहे हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में साहिल वैद और अभिषेक बजाज भी हैं। बबली बाउंसर 23 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# अनन्या बिड़ला लंदन फैशन वीक में करेंगी रैप

मल्टी-प्लैटिनम गायिका-गीतकार अनन्या बिड़ला, अंतर्राष्ट्रीय फैशन की दुनिया में अपनी शुरुआत की तैयारी कर रही हैं। वह अपनी उदार शैली के लिए जानी जाती हैं और मशहूर भारतीय फैशन डिजाइनर अर्चना कोचर के लिए रनवे पर चल रही हैं। डिजाइनर पहली बार प्रतिष्ठित लंदन फैशन वीक में प्रदर्शित होंगी। इसको लेकर अनन्या बिड़ला कहती हैं, मैं लंदन फैशन वीक का हिस्सा बनने और विश्व मंच पर मेक इन इंडिया अभियान का समर्थन करने के लिए उत्सुक हूं। अर्चना कोचर एक प्रतिभाशाली डिजाइनर हैं और मैं उनके लिए चलने का इंतजार नहीं कर सकती। शो, ब्रिटिश फैशन काउंसिल के सहयोग से 17 सितंबर, 2022 को हयात रीजेंसी, लंदन - द चर्चिल में होगा। बॉलीवुड सितारों के साथ काम कर चुके कोचर, मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय डिजाइनर भी हैं, जिसे 2014 में वैश्विक क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। कोचर के साथ, एलिजाबेथ इमानुएल, एक ब्रिटिश डिजाइनर, जिसे दिवंगत राजकुमारी डायना के वेडिंग गाउन को डिजाइन करने के लिए जाना जाता है, जो इस समय केंसिंग्टन पैलेस लंदन में प्रदर्शित है, नाइटफॉल स्लॉट के दौरान दिखाई देगी। कोचर का संग्रह ले गहना आधुनिक दुनिया से उभरते दुल्हन के रुझानों पर केंद्रित है। यह कलेक्शन शाही रंगों, अवांट-[illegible] जीवंत प्रदर्शन होगा, जिसमें कारीगर भारतीय कढ़ाई और पश्चिमी सिल्हूट का आकर्षक मिश्रण होगा। अनन्या बिड़ला को वैश्विक मंच पर भारतीय विरासत को बढ़ावा देने के लिए बीस्पोक पन्ना साड़ी गाउन में चकाचौंध करने की उम्मीद है। अर्चना कोचर कहती हैं, शिल्प और हस्तशिल्प मेरे काम के मूल में हैं और मुझे अनन्या बिड़ला के साथ जुड़कर खुशी हो रही है, जो एक विशिष्ट सांस्कृतिक और कलात्मक वंश का आनंद लेती हैं। मेरे संग्रह का समग्र विषय समावेशिता और चेतना के बारे में है और आगे की सोच [illegible] प्रेरित करना है।








पढ़ाई की टेंशन के साथ ही कॉलेज जाने वाली लड़कियों को अपने लुक की भी चिंता सताती रहती है। पूरा दिन घर से बाहर रहने पर वो चाहती हैं कि सुबह से शाम तक उनके चेहरे का निखार बरकरार रहे और होठों की नमी भी न खोए। ऐसे में कॉलेज गोइंग गर्ल्स को अपने पर्स में कुछ जरूरी चीजें रखनी चाहिए जो उनकी त्वचा और होठ को नर्म-मुलायम बनाए रखेगा।

# कॉलेज जाने वाली लड़कियों को अपने पर्स में जरूर रखनी चाहिए ये खास चीजें

**फेस वाइप्स** – दिन भर बाहर रहने पर पसीना, धूल-मिट्टी आदि सब आपके चेहरे की रंगत बिगाड़ देती है। ऐसे में आप बार-बार फेसवॉश तो कर नहीं सकतीं, इसलिए फेस वाइप्स अपने पर्स में रखें और जब भी पसीना ज्यादा आए या फिर लगे कि चेहरे पर धूल-मिट्टी चिपकी है तो वाइप्स से चेहरा पोंछ लें। फेस वॉइप्स में मॉइश्चराइज होता है जो आपकी स्किन से गंदगी और पसीने को सोख लेता है।

**बॉडी लोशन** – आपके पर्स में बॉडी लोशन की छोटी बोतल होनी भी जरूरी है। क्योंकि बाहर बार-बार हाथ धोने पर आपके हाथ ड्राई हो जाते हैं जिन्हें मॉइश्चराइज करना जरूरी है। बाहर रहने पर कुछ खाने या खेलने के बाद बार-बार आपको हाथ धोना होता है जिससे हाथ रूखे हो जाते हैं, इसलिए बॉडी लोशन की बोतल अपने पास जरूर रखें।

**लिप बाम** – सुबह घर से निकलने से पहले आप लिप बाम जरूर लगाती होंगी, लेकिन इसका असर पूरे दिन नहीं रहता। कुछ ही घंटों में लिप बाम का असर खत्म हो जाता है इसलिए अपने पर्स में लिप बाम जरूर रखें ताकि जब भी होठ ड्राई लगें, इसे तुरंत लगा सकें।

**काजल** – अपने पर्स में काजल भी जरूर रखें ताकि कभी कालेज के बाद किसी पार्टी या फंक्शन में जाना हो तो आप बिना ज्यादा मेकअप के भी अच्छी दिख सकें। सिर्फ लिपस्टिक और काजल लगाकर भी आप आकर्षक

**लिपस्टिक** – एक अच्छी लिपस्टिक भी पर्स में रखें ताकि कभी कहीं जाना हो आप आसानी से तैयार हो सकें। लिपस्टिक का कलर वही रखें जो आपकी स्किन टोन को सूट करता हो।

**कंघी** – हवा से आपका हेयरस्टाइल बार-बार खराब होता रहता है, इसलिए बैग में हमेशा एक कंघी जरूर रखें ताकि जब भी जरूरत पड़े आप बालों को संवार सकें। कंघी होगी तो आप शाम को कॉलेज से निकलते समय अपना हेयर स्टाइल भी चेंज कर सकती हैं।

**डियोड्रेंट** – दिन भर बाहर रहने पर शरीर से पसीने की बदबू आना लाजमी है, इसलिए अपने साथ एक अच्छा सा डियोड्रेंट रखना न भूलें। कई बार पसीने की बदबू की वजह से लड़के आपके नजदीक खड़े नहीं होते, ऐसे में शर्मिंदगी से बचने के लिए दिन में कई बार डिओड्रेंट का इस्तेमाल करें।

**हैंड सैनीटाइजर**– चेहरे और होटों को ख्याल रखने के साथ ही हाइजीन का भी ध्यान रखना जरूरी है इसलिए हैंड सैनीटाइजर भी अपने पर्स में रखें। कॉलेज में आप कई लोगों से हाथ मिलाती होंगी, ऐसे में आप कीटाणुओं के संपर्क में ज्यादा आती हैं। यदि उसी हाथ से आप कुछ खाएंगी तो कीटाणु आपके शरीर में प्रवेश कर जाएंगे, इसलिए कुछ भी खाने से पहले हैंड सैनीटाइजर जरूर लगाएं।

## अंडे का फेसपैक चेहरे पर लगाएं और त्वचा की 5 समस्याओं से निजात पाएं

अंडा खाना तो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता ही है लेकिन इसे चेहरे पर लगाने से त्वचा की कई समस्याओं का भी निदान हो जाता है। आइए, जानते हैं अंडे के वे ब्यूटी प्रयोग जो शायद आप नहीं जानते होंगे।

- त्वचा : अंडे का पीला भाग और खाल को फेंटकर मिश्रण अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। चेहरा सूखने तक प्रतीक्षा करें और गुनगुने पानी से धो लें। यह उपाय त्वचा में सुधार लाने में मदद करेगा और आपकी त्वचा को कस देगा।
- मुंहासे : 1 अंडे का पीला भाग फेंटकर चेहरे पर लगाएं। सूखने तक रूककर गुनगुने पानी से धो लें। यह मास्क चेहरे के रोमों को नरीश कर मुंहासे को दूर करने में मदद करता है।
- आंखों का फूलना : आंखों के नीचे की त्वचा फूली लग रही हो तो वहां पर अंडे की सफेदी की एक पतली परत लगाएं और लगभग 10 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में ठंडे पानी के साथ धो लें।
- अंडों के फेसपैक : अंडे की सफेदी और ओटमील अच्छी तरह मिलाकर चेहरे पर लगाएं। ऑयली त्वचा के लिए यह सबसे आसान फेसपैक है।
- शुष्क त्वचा में सुधार : 1 अंडे का पीला भाग, नींबू का रस और जैतून तेल का 1 बड़ा चम्मच साथ मिलाएं। मिश्रण चेहरे और गर्दन पर लगाएं। यह शुष्क त्वचा में सुधार लाने वाला बेहतरीन फेसपैक है।





## एलोवेरा हर्बल शैंपू बनाने की विधि

इन दिनों प्राकृतिक तरह से बनाई गई चीजों के इस्तेमाल पर काफी जोर दिया जा रहा है। जिस तरह से प्राकर्तिक सामग्री से बनाए गए साबुन, क्रीम, फेसवॉश आदि के इस्तेमाल को प्राथमिकता दी जा रही है, उसी तरह से प्राकृतिक व हर्बल शैंपू को भी लोग प्राथमिकता दे रहे हैं। आप चाहें तो घर पर भी हर्बल शैंपू बना सकते हैं। आइए, आज हम आपको बताए, एलोवेरा हर्बल शैंपू बनाने की विधि –

- एलोवेरा शैंपू बनाने के लिए आपको 1 चम्मच एलोवेरा जेल या आधा कप एलोवेरा की पत्तियों का पेस्ट और 2 चम्मच सामान्य शैंपू चाहिए होगा।
- अब आप एलोवेरा जेल और शैंपू को 1 कप पानी में मिलाएं और 1 घंटे के लिए छोड़ दें।
- अब 1 घंटे बाद जो पेस्ट तैयार हो चुका होगा, उसे आप शैंपू की तरह बालों में इस्तेमाल करें। आप चाहें तो इस पेस्ट को बालों की जड़ से शुरू करते हुए सिरे तक लगाकर कुछ देर के लिए, कंडीशनर की तरह भी बालों में लगा कर छोड़ सकते है। कुछ देर बाद बालों को साफ पानी से धो लें।
- एलोवेरा बालों पर एक बेहतरीन कंडीशनर का भी काम करता है। जिसके इस्तेमाल से बाल चमकदार और मुलायम बनाता है।

## डील को नाःपिंट्रेस्ट ने माइक्रोसॉफ्ट के 3.7 लाख करोड़ के ऑफर को ठुकराया, टिकटॉक खरीदने की कोशिश भी रही थी नाकाम

माइक्रोसॉफ्ट ने हाल ही में इमेज-शेयरिंग और सोशल मीडिया सर्विस कंपनी पिंट्रेस्ट को खरीदने की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बन पाई। यदि डील हो जाती तो यह माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से किया गया अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण होता, क्योंकि ऑफर 5,100 करोड़ डॉलर (करीब 3.70 लाख करोड़ रुपए) का था।

असल में माइक्रोसॉफ्ट अपने क्लाउड कम्प्यूटिंग प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन कम्युनिकेशन का एक पोर्टफोलियो बनाने के लिए पिंट्रेस्ट को खरीदना करना चाहता है। माइक्रोसॉफ्ट ने इससे पहले टिकटॉक को भी खरीदने की कोशिश की थी, लेकिन डील नहीं हो पाई थी।

स्वतंत्र कंपनी रहना चाहती है पिंट्रेस्ट

बहरहाल, एक मीडिया रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि दोनों कंपनियों के बीच डील को लेकर बातचीत बंद हो गई है। पिंट्रेस्ट ने संकेत दिया है कि वह स्वतंत्र कंपनी बने रहना चाहती है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला यह डील करने का अपना प्रयास जारी रखेंगे या नहीं।




पिंट्रेस्ट का अमेरिका में रेवेन्यू 67% बढ़ा

पिंट्रेस्ट ने पिछले सप्ताह 2020 के आखिरी क्वार्टर की फाइनेंशियल रिपोर्ट पेश की थी। उसके मुताबिक, कंपनी ने 706 मिलियन डॉलर (5.4 हजार करोड़ रुपए) का रेवेन्यू जनरेट किया है। कंपनी का अमेरिका में रेवेन्यू सालाना आधार पर 67% बढ़कर 582 मिलियन डॉलर (करीब 4.2 हजार करोड़ रुपए) हो गया। वहीं, इंटरनेशनल रेवेन्यू 145% बढ़कर 123 मिलियन डॉलर (करीब 895 करोड़ रुपए) रहा। पिंट्रेस्ट के यूजर्स की संख्या 46% बढ़कर 361 मिलियन (36 करोड़) से ज्यादा हो चुकी है। कोविड के दौरान पिंट्रेस्ट की मार्केट वैल्यू 600% तक बढ़ गई है।

माइक्रोसॉफ्ट ने पहले भी कई कंपनियां खरीदीं

माइक्रोसॉफ्ट इससे पहले लिंक्डइन को 26 अरब डॉलर (करीब 1.8 लाख करोड़ रुपए) और GitHub को 7.5 अरब डॉलर (करीब 54 हजार करोड़ रुपए) में खरीद कर चुकी है। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल प्राइवेट गेमिंग कंपनी जेनीमैक्स (ZeniMa&) को 7.5 अरब डॉलर (करीब 54 हजार करोड़ रुपए) दिए थे। उसने टिकटॉक को खरीदने की कोशिश की थी, लेकिन ये डील नहीं हो पाई थी।

# असली शिवसेना किसकी?

## सुप्रीम कोर्ट अब 27 सितंबर को करेगा इस सवाल पर विचार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में जून में सत्ता पलट के बाद शिवसेना पार्टी पर कब्जे की जंग जारी है। यह मामला चुनाव आयोग के विचाराधीन है, लेकिन असली शिवसेना का सवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत ने आज कहा कि वह मामले में 27 सितंबर पर आगे विचार करेगी। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को असली शिवसेना होने का दावा किया है। इसे लेकर चुनाव आयोग ने पार्टी के दोनों गुटों से जवाब मांगे हैं।



इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज संक्षिप्त सुनवाई की। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि वह शिवसेना पर शिंदे या उद्धव ठाकरे गुट में से किसके असली होने के दावों को लेकर चुनाव आयोग को आगे विचार करना चाहिए या नहीं, इस पर 27 सितंबर को विचार करेगी। शिंदे गुट ने आयोग से गुहार लगाई है कि क्योंकि उसके पास पार्टी के अधिकतर सांसदों व विधायकों का समर्थन है, इसलिए पार्टी का चुनाव चिंह 'धनुष व तीर' उसे मिलना चाहिए।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शिवसेना को लेकर विवाद में एकनाथ शिंदे गुट का पक्ष सुना था। उद्धव ठाकरे गुट ने शिवसेना व पार्टी के सिंबल पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग से कार्यवाही रोकने की अपील की है। सीजेआई यूयू ललित और जस्टिस एस रवींद्र भट की पीठ के समक्ष शिंदे गुट के वकील नीरज किशन कौल ने मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की थी। इसके बाद सीजेआई यूयू ललित ने कहा था कि हम देखेंगे कि पांच सदस्यीय पीठ इस मामले में बुधवार से विचार करना शुरू करे। हालांकि शीर्ष कोर्ट ने आज इसके लिए 27 सितंबर की तारीख तय की।

### चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक

कौल ने कल पीठ को बताया कि 23 अगस्त को शीर्ष अदालत ने मामले को पांच सदस्यीय संविधान पीठ के पास भेजने का फैसला किया था। उसके बाद से चुनाव आयोग के समक्ष पार्टी के अधिकार और चुनाव चिंह को लेकर कार्यवाही रोक दी गई है। इसलिए मामले की तत्काल सुनवाई की जाए। महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के बारे में पीठ को अवगत कराते हुए कौल ने कहा कि इस मुद्दे को तत्काल हल करने की आवश्यकता है।

# ठाणे की अदालत ने नाबालिग लड़की के उत्पीड़न मामले में आरोपी को दोषी करार दिया...!

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने नाबालिक लड़की का उत्पीड़न करने के मामले में आरोपी व्यक्ति को दोषी करार दिया। हालांकि, अदालत ने उतनी ही कारवास की सजा सुनाई जो वह पहले ही जांच और सुनवाई के दौरान ही काट चुका है। जानकारी के मुताबिक 24 वर्षीय आरोपी पहले ही दो साल सात महीने और 10 दिन कारावास की सजा काट चुका है। सत्र न्यायाधीश वी वी वीरकर ने आरोपी पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसे नहीं भरने पर उसे 10 दिन और साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक रेखा हीवरले ने अदालत को बताया कि जुलाई 2018 में आरोपी ने पीड़िता से अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया जो उस समय 12 वर्ष की थी और ठाणे शहर के वागले एस्टेट स्थित उसके घर



के पड़ोस में रहती थी। उन्होंने बताया कि आरोपी पीड़िता का पीछा करता था और उससे बात करने की कोशिश करता था। रेखा के मुताबिक लड़की के परिवार ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को बच्चों का यौन शोषण से संरक्षण संबंधित पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने कहा कि आरोपी '' को जितनी कारावास की सजा दी जानी चाहिए वह अवधि पहले ही जांच और सुनवाई के दौरान भुगत चुका है।''

# मुख्यमंत्री शिंदे ने आदित्य ठाकरे पर साधा निशाना, उन्हें अपनी उम्र पता होनी चाहिए!



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे को लेकर अपनी रणनीति बदलते प्रतीत हो रहे हैं। शिंदे ने हाल में शिवसेना के बागी नेताओं की आलोचना करने के लिए आदित्य ठाकरे पर निशाना साधा है। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ बगावत करने वालों को ''धोखेबाज'' और ''पीठ में छुरा घोंपने'' वाला कहने वाले आदित्य और उनके पिता उद्धव ठाकरे के खिलाफ शिंदे तीखी टिप्पणी करने से हमेशा बचते नजर आए हैं। हालांकि, शिंदे ने आदित्य पर निशाना साधा। शिंदे से जब बागी विधायकों को आदित्य ठाकरे द्वारा ''धोखेबाज'' कहे जाने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, ''उन्हें अपनी उम्र मालूम होनी चाहिए और उन्हें उसी के अनुसार बोलना चाहिए। आज हम जो कुछ भी हैं, वह स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे और उनके विचारों की वजह से हैं।

# टीवी की आवाज कम करने के लिए कहने पर महिला ने सास के हाथ की तीन उंगलियां चबाई




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ इलाके में एक महिला ने टेलीविजन की आवाज कम करने को लेकर हुई कहासुनी में अपनी बुजुर्ग सास के हाथ की तीन उंगलियां चबा ली। शिवाजी नगर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि रुशाली कुलकर्णी (60) घर पर भजन कर रही थीं वहीं उनकी बहू विजया कुलकर्णी (32) टीवी देख रही थी। उन्होंने बताया,'' सोमवार सुबह रुशाली ने विजया से टीवी की आवाज कम करने को कहा, क्योंकि वह भजन कर रही थीं। इसके बाद उन्होंने टीवी बंद कर दिया, इससे नाराज बहू ने रुशाली का हाथ पकड़ कर उनकी तीन उंगलियां चबा ली। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे पति के साथ







मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com